चंद की स्त्री का उसे कहना कि अंग अंग में हरि रूप रस वर्णन कर दिखाओ ॥

दूहा ॥ अंग अंग हरि रूप रस। विविधि विवेक वरेन ॥
मुकुति समप्पन कंत रस। जुग तिनि जोग सरेन ॥ छं० ॥ ७८२ ॥ रू० ॥ ४१२ ॥

चंद का उत्तर दे कहना कि कान दे सुन मैं वर्णन कर दिखाता हूं ॥

दूहा ॥ कह्यौ भांमि सौं कंत इम। जो पूछै तत मोहि ॥
कान धरौ रसना सरस। ब्रन्नि दिषाऊं तोहि ॥ छं० ॥ ७८३ ॥ रू० ॥ ४१३ ॥

इति श्री कवि चन्द विरचिते प्रथिराज रासके आदि पर्व नाम प्रथम प्रस्ताव सम्पूर्णम् ॥

४१२ पाठान्तर—बिविध। वरवं। मुगति। जुंग। जौग। सरव ॥
४१३ पाठान्तर—भांमिन। सा। जा। पुछइ। पुछै। कांन। दिषांऊं तोहि ॥

उपसंहारिणी टिप्पण ॥

यद्यपि इस महाकाव्य के महाकवि चंद बरदाई ने इस आदि पर्व्व का उपसंहार अपनी
निज काव्य-रचन-शैली के अनुसार ३९५ रूपक से लेकर ४१३ तक में बड़े गूढार्थ के साथ वर्णन
कर दिया है परन्तु यह भी उचित और अत्यावश्यक है कि हम भी अपनी शैली के अनुसार
अपनी टिप्पणों के उपसंहारार्थ कुछ थोड़ा सा अपने पाठकों की सेवा में सविनय निवेदन करैं कि
जिससे सर्व साधारण को हिन्दी भाषा के इस महाकाव्य का कुछ स्वरूप-ज्ञान हो ॥

ग्रन्थ-संज्ञा

इस महाकाव्य का नाम **पृथ्वीराजरासो** है और यह दो शब्दों से मिलकर बना है अर्थात्
पृथ्वीराज और **रासो**। इस संज्ञा का अर्थ यह होता है कि "पृथ्वीराज को रासो" ग्रंथकर्त्ता ने
पृथ्वीराज नामक संज्ञा से, हमारे उन पृथ्वीराजजी चौहान को अपने इस महाकाव्य का नायक
वर्णन किया है, कि जो विक्रम के बारहवें शतक में हमारे स्वदेशी अंतिम राजरा-
जेश्वर अर्थात् बादशाह हुए हैं, कि जिनकी सूरवीरता का अभिमान आज
तक प्रत्येक आर्य को है और जिनके नाम का ओठा रात्रिदिन की बोल चाल में हमारे देश के
सर्व साधारण किया करते हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि वे एक कैसे बड़े कट्टर आर्य
और सूरवीर राजा हुए हैं, कि जिन्होंने सुलतान शहाबुद्दीन गोरी को कई बेर घोर युद्ध कर कर
के पराजित किया था परंतु होनहार परम बलवान होती है कि जिससे अचिंतित घटना भी
झट उपस्थित हो जाती है। देखो ईश्वरही की इच्छा हिन्दुओं की बादशाहत स्थिर रखने की
न थी, कि दैवयोग से पृथ्वीराजजी चौहान जैसे सूरवीर राजा, सुलतान शहाबुद्दीन गोरी के
हाथ से, अपनी अंतिम लड़ाई में, अंत को प्राप्त हुए। वह भी फिर कैसे-कि वे हिन्दुओं की
बादशाहत के सब ठाठ पाटरूपी सर्वस्व को मानो अपने साथ ही लोकान्तर में लेगये और जगत
को यह निर्देश कर गये कि लोकिक में जो प्रायः यह कहा करते हैं कि किसी के अंत समय
उसके साथ कुछ नहीं जाता है वह एक प्रकार से असत्य है-अब रहा हिन्दी **रासो** शब्द, वह
संस्कृत **रास** अथवा **रासक** से है और संस्कृत भाषा में **रास** के "शब्द, ध्वनि, क्रीडा, शृंखला
विलास, गर्ज्जन नृत्य और कोलाहल आदि" के अर्थ और **रासक** के काव्य अथवा दृश्यकाव्यादि
के अर्थ परम प्रसिद्ध हैं। मालूम होता है कि ग्रंथकार ने संस्कृत **भारत** शब्द के सदृश **रासो**
शब्द को भावार्थ से महाकाव्य के अर्थ में ग्रहण कर प्रयोग किया है। यह **रासो** शब्द आज
कल की ब्रज भाषा में भी अप्रचलित नहीं है किन्तु अन्वेषण करने से वह काव्य के अर्थ के अति
रिक्त अन्य अनेक अर्थों में भी प्रयोग होता हुआ विद्वानों को दृष्टि आवेगा, जैसे-"हमने चौदे के
गदर को एक रासो जोड्यो है-कल बहादर सिंघजी की बैठक में बदर ने गदर को रासो गायो हो
फिर मैं ने भरतपुर के राजा सूरजमल को रासो गायो सो सब देखते ही रह गये-अजी ये कहा
रासो है-मैं तो कल्ल एक रासो में फँस गयो या सूं तुमारे वहां नाय आय सक्यौ-अजी राम
गोपाल बडो दिवारिया है, वाके रासे में फँस के रुपैया मत बिगाड दीजो-हमने आज विन को
रासो निमटाय दोनो हैं-देखो सब रासो के संग रासो है, बुरी मत मानो"-तथा लुगाइयें भी
गाया करती हैं-

गीत ॥ मत काची तोन्ह रखियो घानी
नान्ह करूंगी अंत रासा
गुर राख, पकावा, मत कावा। इत्यादि ॥ १ ॥
जिव लोगन की रास उठेगी तीन्ह के खाक उठावेगा,
हल जोत, नहीं पछतावेगा। इत्यादि ॥ २ ॥

२ यद्यपि इस महाकाव्य का केवल नाम सुनते ही उसका विषय यह प्रतीत होने लगता है कि उसमें पृथ्वीराजजी चौहान के जन्म से लेकर मरण तक के ही सब चरित्र वर्णन किये गये हैं, परंतु उसके गर्भित वृत्तों की परीक्षा करने से जानने में आता है कि महा कवि चंद ने उसमें पृथ्वीराजजी के चरित्रों के साथ ही उनके सब समकालीन सूर, सामंत, आधीन राजा, इष्ट मित्र और सगे संबन्धी और सहायक यावदार्य राजकुलों के भी कुछ न कुछ चरित्र और शौर्य्य वर्णन किये हैं। अतएव यह कदापि नहीं समझा जा सकता कि यह महाकाव्य पृथ्वीराजजी चौहान के नायक होने के कारण से केवल चौहानों की ही बापौती का ग्रंथ है किन्तु वह वास्तव में यावदार्य राजकुलों का सर्वस्व है। देखो, पृथ्वीराजजी से लेकर जिन जिन सूर बीरों के चरित्र उसमें वर्णन किये गये हैं उन सब की विद्यमान संतान वर्तमान काल की हमारी श्रीमती भारत-राजराजेश्वरी विक्टोरिया के सिंहासन के चारों ओर उपस्थित होकर अपनी अपनी प्रतिष्ठा के अनुसार तन मन और धन के द्वारा परम राजभक्ति को प्रकाश कर रही है और श्रीमती के प्रस्वेद के साथ मानों अपना रक्त तक बहाने को प्रस्तुत खड़ी है। क्या पृथ्वीराजजी के एक बड़े सूर वीर सामंत पज्जूनजी के वंश में श्रीमहाराज साहब जयपुर और उनके राजवंशीय सरदार नहीं हैं? क्या पृथ्वीराजजी के सगे संबन्धी जयचंदजी के वंशज श्रीमहाराज साहब जोधपुर और कृष्णगढ़ और उनके भाई बेटे नहीं हैं? क्या पृथ्वीराजजी के बहनेऊ और परम सूर वीर सहायक रावल समरसीजी की कुलीन संतान में श्रीमहाराज साहब नेपाल, श्रीमहाराणाजी साहब उदयपुर, श्रीदरबार डूंगरपुर और प्रतापगढ़ अपने अपने राजवंशी उमराव और सरदारों के सहित नहीं हैं? क्या चौहानजी के अनेक वंशज बूंदी, कोटा सिरोही, नीमराणा, भदावर बेदला, कोठारिया, और पारसोली आदि के राजा महाराजा और सरदारों को आज हम अपनी आंखों से नहीं देखते हैं? इसी तरह अन्य सब की विद्यमान संतानों को भी हमारे पाठक स्वयम् विचार देखें और इस थोड़े में ही बहुत करके समझ लें कि इस महाकाव्य का विषय बारहवें शतक के यावदार्य राजकुलों के संवलित चरित्रों से परम विभूषित है॥

विषय

३ इस पृथ्वीराज रासो को जो हम अपने लेखों में महाकाव्य कर के लिखते हैं वह कुछ अन्यथा और आश्चर्यदायक नहीं है किन्तु साहित्यदर्पण में महाकाव्य का जो नीचे लिखा हुआ लक्षण लिखा है उससे वह विशेषांश में मिलता हुआ है—

काव्य

सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः। सद्वंशः क्षत्रियो वापि धीरोदात्त गुणान्वितः॥
एकवंशभवाः भूपाः कुलजा बहवोऽपि वा। शृङ्गारवीरशान्तानामेकोऽङ्गी रस इष्यते॥
अङ्गानि सर्वेऽपि रसाः सर्वे नाटकसन्धयः। इतिहासोद्भवं वृत्तमन्यद्वा सज्जनाश्रयम्॥
चत्वारस्तस्य वर्गाः स्युस्तेष्वेकं च फलं भवेत्। आदौ नमस्क्रियाशीर्वा वस्तुनिर्देश एव वा॥
क्वचिन्निन्दा खलादीनां सताञ्च गुणकीर्त्तनम्। एकवृत्तमयैः पद्यैरवसानेऽन्यवृत्तकैः॥
नातिस्वल्पा नातिदीर्घाः सर्गा अष्टाधिका इह। नानावृत्तमया क्वापि सर्गः कश्चन दृश्यते॥

सर्गान्ते भाविसर्गस्य कथायाः सूचनं भवेत् । सन्ध्या सूर्य्येन्दुरजनीप्रदोशध्वान्तवासराः ॥
प्रातर्मध्यान्हमृगयाशैलर्तुवनसागराः । सम्भोगविप्रलम्भौ च मुनिस्वर्गपुराध्वराः ॥
रणप्रयाणोपयम मन्त्रपुत्रोदयादयः । वर्णनीया यथ योगं साङ्गोपाङ्गा अमी इह ॥
कवेर्वृत्तस्य वा नाम्ना नायकस्येतरस्य वा । नामास्य सर्गोपादेयकथया सर्ग नाम तु ॥
सा० द० ५५९ ॥

जब कि वह महाकाव्य के लक्षण के अनुसार वास्तविक एक महाकाव्य है तो फिर उस के रचनेवाले का भी साहित्यशास्त्र में एक अच्छा व्युत्पन्न महाकवि होना क्या अनुमान नहीं किया जा सकता है ? जैसे कि इस महाकाव्य का विषय पृथ्वीराजजी चौहान और उनके समकालीन यावदार्य रजकुलों के चरित्रों से संवलित है वैसे ही उसका काव्य भी भिन्न भिन्न प्रकार के छंदों से विभूषित अनेक प्रकार के काव्यों का एक ऐसा संवलित काव्यात्मक है कि उसको हम किसी एक प्रकार के काव्य की संज्ञा प्रदान नहीं कर सकते हैं। उसके काव्य को **श्राव्य काव्य** की संज्ञा देने में हम आशा करते हैं कि किसी विद्वान को भी कुछ शंका न होगी किन्तु सूक्ष्मतर अन्वेषण करने से ज्ञात होगा कि उसको कोई **दृश्य-काव्य** का अच्छा व्युत्पन्न परीक्षक झट शोधकर जान सकता है । क्या हम यह नहीं विचार सकते कि इस महाकाव्य के छंदों को कवि ने रूपकों के क्रम से क्यों गिना है ? इस महाकाव्य की सूक्ष्मतर परीक्षा करने से यहां तक भी स्पष्ट विदित हो सकता है कि महाकवि चंद ने उसको काव्य की अनेक उत्तमताओं के इन तीन मूलों से भी भले प्रकार विभूषित किया है । प्रथम तो महाकवि ने अपने वचन को शृंगार, रस, अनुप्रास, और अलंकारादिक से परम विचित्र किया है। दूसरे उसने भाव में ओज़ रक्खा है । तीसरे इस महाकाव्य के सब छंद प्राचीन और नवीन प्रकार की गानविद्या के अनुसार गाये भी जा सकते हैं । इसके अतिरिक्त महाकवि ने पृथ्वीराजजी और उनके समकालीन यावदार्य राजकुलादि के इतिहास भी जहां तक उससे हो सके हैं भले प्रकार से वर्णन किये हैं । हिन्दी भाषा में साहित्यशास्त्र और सब पौराणिक अनुवाद विषयिक ग्रंथ जो अब तक प्राप्त हो सके हैं वे बारहवें शतक के अथवा उसके पहिले के नहीं हैं किन्तु वे सब इधर के समय के रचित हैं अतएव हम को समझना चाहिये कि चंद ने संस्कृत भाषा के अनेक ग्रंथों के आधार से ही यह महाकाव्य रचा है और जब कि यह बात ऐसी ही है, तो फिर हमको उसके परम परिश्रम के लिये कितना आभारी होकर उसकी प्रशंसा करनी चाहिये । क्या हमको इस महाकाव्य की सूक्ष्मतर परीक्षा करने से चंद की उक्ति, साहित्यशास्त्र विषयिक नियम, और पौराणिक कथा आदि में उसका संस्कृत भाषा के अनेक विद्या ग्रन्थों का अनुकरण करना नहीं दृष्टि आता है ? जहां तक हिन्दी भाषा के ऐसे अनेक ग्रंथ कि जो चंद के पीछे के रचित हैं हमारे पथ में आये हैं, उन सबसे यही ज्ञात होता है कि उनके रचनेवाले चंद कवि जैसे संस्कृत भाषा से भले प्रकार परिज्ञात नहीं थे और उन्होंने चंद की शैली का ही निःसंदेह अनुकरण किया है । हमारे कहने का सारांश यह है कि इस महाकाव्य को उसके अति क्लिष्ट और हमारी बुद्धि को चल विचल कर देनेवाला होने के कारण निन्दनीय ठहराना नहीं चाहिये किन्तु साहित्यशास्त्रादि के संस्कृत भावों के अनेक ग्रंथों को हाथ में लेकर और अपने हृदय को चारण और भाटादि के वंश परंपरा के हाड-बैर के दुराग्रह से शुद्ध करके सूक्ष्मतर परीक्षा करनी चाहिये कि उससे हमको निःसंदेह यह ज्ञात हो जायगा कि हमारे स्वदेशी और यूरोपियन बड़े बड़े विद्वान जो इस महाकाव्य की प्रशंसा अब तक करते चले आये हैं वह वास्तव में वैसा ही अमूल्य महाकाव्य है और वह ऐसा है भी—कि मानों चंद अपने समय

तक के हिन्दी भाषा के सर्व प्रकार के काव्यों का एक अमूल्य संग्रह हमारे लिये प्रस्तुत कर के हमारी हिन्दी भाषा को अति धनाढ्यकर गया है । क्या यह बात पक्षपात रहित विद्वानों को अति आश्चर्य और अट्टाट्टहास कराने वाली नहीं है, कि हम इस महाकाव्य को अभी तक बहुत ही अच्छी तरह से पढ़ पढ़ा और समझ समझा तो सकते ही नहीं और न इस महाकाव्य में यूनीवर्सिटी (University) की परीक्षा की शैली के अनुसार परीक्षा देकर उत्तीर्ण हो सकते हैं किन्तु उसको दोष देकर विध्वन्स करने को तो हम सबसे आगे आखड़े होने को प्रसन्नतापूर्वक तयार हैं ? निदान किसी कवि के कहे अनुसार जो जिसके गुण को नहीं जानता वह उस की निन्दा निरंतर करता है:-"न वेत्ति, यो यस्य गुणप्रकर्षं स तस्य निन्दां सततं करोति । यथा किराती करिकुंभजाता मुक्ताः परित्यज्य बिभाति, गुंजाः" ॥

जैसे इस महाकाव्य का काव्य अनेक प्रकार के काव्यों का एक संवलित काव्य है वैसेही उसकी भाषा भी उसके ग्रंथकर्त्ता के समय तक की अनेक प्रकार की प्राचीन हिन्दी भाषाओं की एक अति संवलित

भाषा

हिन्दीभाषा है । यदि किसी को इसमें कुछ संदेह हो तो वह इस आदि पर्व्व को ही ध्यान देकर पढ देखे कि उसके किसी छन्द की तो कैसी भाषा है और किसी की कैसी। क्या विद्वानों से यह बात छिपी हुई है कि भाषा और काव्य का नित्य-संबन्ध नहीं है ? जब कि उनमें नित्य-संबन्ध का होना यथार्थ है तो फिर क्या प्रत्येक का अपने अपने अनेक प्रकारों से संवलित होना भी स्वतः सिद्ध नहीं है ? इस महाकाव्य की भाषा के चीज़ को वे विद्वान भले प्रकार से जान सकते हैं कि जो वर्तमान समय में फिलोलोजिष्ट (Philologists) अर्थात् शब्दोत्पत्तिविद्याज्ञ कहलाते हैं। और वैसे तो हमारे पढने में वर्तमान समय के ऐसे ऐसे सहसा सिद्धान्त कर लेने वाले विद्वानों के भी लेख आये हैं कि जिन्हों ने ऐसा अत्यन्ताभाव का वाक्य भी कहा है, कि इस महाकाव्य के महाकवि को अनुस्वार और विसर्ग तक के प्रयोग करने का बोध नहीं था । और विद्वान भलेही ऐसा कहने में सम्मत हों परंतु हमारे मुख से तो इस महाकाव्य के काव्य को देखते हुए ऐसा सुन कर वारंवार यही निकलता है कि-त्राहि गोविन्द ! त्राहि गोविन्द !! ग्रंथकर्त्ता ने इस ग्रंथ को जिस भाषा में लिखा है वह उसने स्वयम् ही इस आदि पर्व्व के रूपक ३९ में स्पष्ट कह दी है और जैसा उसने कहा है वैसी ही भाषा हम इस 'महाकाव्य की पाते भी हैं । फिर आश्चर्य क्या है ? वह यही है-कि न तो हम इस ग्रंथ को आदि से लेकर अंत परियंत पढते हैं, न समझते हैं, न कवि के अभिप्राय को लक्ष में लाते हैं, न यह विचारते हैं कि बड़े बड़े विद्वान कि जिन के वचन पर अनेक मनुष्य विश्वास करते हैं उनके सिर पर कुछ सम्मति देते समय बड़ी भारी जिम्मेदारी अर्थात् अनुयोज्यता का बोझ भी रक्खा हुआ है कि नहीं-किन्तु जो मन में आया वही हम लिख डालते हैं, क्योंकि न तो चंद कवि, न पृथ्वीराजजी चौहान, और न रावल समरसीजी हमसे हमारे ऐसा कहने के लिये अब लड़ने को आ सकते हैं, और न किसी क्षीर-नीर का सा न्याय करने वाले विद्वान का हमको डर है । देखो, हमने अपनी प्रथम टिप्पणी में ही कह दिया है कि इस महाकाव्य की हिन्दी भाषा तीन प्रकार की है । प्रथम षट-भाषा-और-कुरान-की भाषा-की-योनिवाली दूसरे षट-भाषा-और-कुरान-की-भाषा-के-सम, और तीसरे देशी प्रसिद्ध । इसके अतिरिक्त विद्वानों को इस महाकाव्य की भाषा की सूक्ष्मतर परीक्षा करने से ज्ञात होगा कि चंद कवि ने साहित्यदर्पण में लिखे हुए भाषा के प्रयोग के निम्न लिखित नियमों का भी अपने निज विचार और शैली के संस्कार सहित इस महाकाव्य के रचने में कुछ अनुकरण किया है-

पुरुषाणामनीचानां संस्कृतं स्यात्कृतात्मनाम् । शौरसेनी प्रयोक्तव्या तादृशीनाञ्च योषिताम् ॥
आसामेव तु गाथासु महाराष्ट्रीं प्रयोजयेत् । अत्रोक्ता मागधीभाषा राजान्तःपुरचारिणाम् ॥
चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठीनां चार्द्धमागधी । प्राच्या विदूषकादीनां धूर्तानां स्यादवन्तिका ॥
योधनागरिकादीनां दाक्षिणात्या हि दीव्यताम् । शकाराणां शकादीनां शाकारीं सम्प्रयोजयेत् ॥
बाह्लीकभाषा दिव्यानां द्राविडी द्रविडादिषु । आभीरेषु तथाऽभीरी चाण्डाली पुक्कसादिषु ॥
आभीरी शावरी चापि काष्ठपत्रोपजीविषु । तथैवाङ्गाकारादौ पैशाची स्यात् पिशाचवाक् ॥
चेटीनामप्यनीचानामपि स्यात् शौरसेनिका । बालानां षण्डकानाञ्च नीचग्रहविचारिणाम् ॥
उन्मत्तानामातुराणां सैव स्यात् संस्कृतं क्वचित् । ऐश्वर्य्येण प्रमत्तस्य दारिद्र्योपस्कृतस्य च ॥
भिक्षुबन्धधरादीनां प्राकृतं सम्प्रयोजयेत् । संस्कृतं संप्रयोक्तव्यं लिङ्गिनी षूत्तमासु च ॥
देवीमन्त्रिसुतावेश्या स्वपि कैश्चित्तथोदितम् । यद्देशं नीचपात्रन्तु तद्देशं तस्य भाषितम् ॥
कार्यातश्चोत्तमादीनां कार्य्यो भाषाविपर्ययः । योषित् सखीबालावेश्यां कितवाप्सरसां तथा ॥
वैदग्ध्यार्थं प्रदातव्य संस्कृतं चान्तरान्तरा ॥　　　　सा० द० ४३२ ॥

इस बात की कुछ परीक्षा हम इस आदि पर्व्व में ही कर सकते हैं । देखिये रूपक ३३, ३९, आदि शुद्ध संस्कृत भाषा में हैं और रूपक १६, २२, ४७, ५७, ५९,. इत्यादि में षटभाषाओं का सादृश्य और साटकों में प्रायः संस्कृतादि भाषाओं का सादृश्य है । इसी प्रकार हमारे पाठक इस भाषा सम्बन्धी सब बातों को इस समय ग्रन्थ में अन्वेषण कर जांच देखें । यदि इस प्रकार की परीक्षा करने पर सब विद्वानों की सम्मति में यही तुलेगा कि चंद कवि वज्र-मूर्ख था तो हम भी उस को बड़ा वज्र-मूर्ख कहने लगेंगे क्योंकि वह हमारा कोई संबन्धी नहीं है और न हम को अपने कहे का कुछ हठ है वरन हमारा सिद्धान्त यही है कि सत्य का ग्रहण और असत्य का त्याग हो। इस महाकाव्य की भाषा में दो एक वर्ष से एक यह भी बड़ी भारी शंका लोगों ने खड़ी की है कि उस में आठ या १० दस भाग में एक भाग के फारसी शब्द हैं और फारसी शब्द अकबर बादशाह के समय से हिन्दी भाषा में मिले हैं अतएव यह महाकाव्य सं० १६४० से १६७० के बीच में कृत्रिम बना है । हम इस बात से बिलकुलही असम्मत हैं और ऐसा अनुमान करने वाले को हम समझते हैं कि उसने न तो यह पृथ्वीराज रासो कभी आदि से अंत परियंत अच्छी तरह से पढ़ा है और न उसको ऐतिहासिक विद्या का पूरा पूरा बोध है क्योंकि यह अनुमान बिलकुलही अदृढ़ और अपरिपक्व है । वरन अब तक के ऐतिहासिक शोधों के अनुसार हमारी सम्मति में फारसी शब्दों का मेल हमारे भरतखण्ड की बोलचाल की भाषाओं में सातवें शतक तक पाया जा सकता है कि फिर इस बारहवें शतक की हिन्दी भाषा की तो क्याही कथा कहनी है । टुक विचार कर देखिये कि किसी देश की भाषा में अन्य देशीय भाषा के शब्दादि का मेल बहुधा करके प्रथम बोलचाल की भाषा में ही हुआ करता है न कि किसी मृतप्राय भाषा में और वह विदेशियों के किसी देश में आने जाने, बसने बसाने, रहने सहने, मिलने मिलाने वाणिज्य करने कराने, राज्य के बदलने बदलाने, मत के बिगड़ने बिगड़ाने आदि कारणों से ही हुआ करता है । तदनन्तर आप नीचे लिखे कारणों को विचार कर देखिये और निर्णय कीजिये कि चन्द की हिन्दी में जो फारसी शब्दों के प्रयोग संबन्धी दोष दिये जाते हैं वे वास्तव में यथार्थ हैं अथवा नहीं—

१ पृथ्वीराज रासो के किसी भी समय में आठ या दस भाग में एक भाग के फारसी शब्द नहीं हैं और जब प्रत्येक समय में नहीं हैं तब समय ग्रन्थ में भी न होना स्वतः सिद्ध है ।

यदि किसी को निश्चय करना हो तो इस आदि पर्व्व से ही गिन कर निश्चय करले। हां
ऐसा तो निःसंदेह कह सकते हैं कि उसमें अनेक फारसी शब्द हैं किन्तु बिना गिने ऐसी
असत्य संख्या स्थिर नहीं कर सकते हैं ॥
२ ग्रन्थकर्त्ता ने रूपक ३९ में स्वयम् कहा है कि उसने कुरान की भाषा का भी आश्रय
लिया है ॥
३ ग्रंथकर्त्ता महाकवि चंद पंजाब देश के लाहोर नगर में उत्पन्न हुआ था, जहां कि उस
के जन्म होने के १०० वर्ष पहिले से ही महमूदी सलतनत का होना और उसका पृथ्वीराज
जी के साथ ही साथ नाश होना **तबकात नासरी** से ही सिद्ध है। फिर क्या कोई विद्वान यह
अनुमान कर सकता है कि इस सौ १०० वर्ष के समय में लाहोर नगर की भाषा में कोई एक
भी शब्द मुसलमानी भाषा का नहीं मिल सका था और न चंद कवि एक भी फारसी शब्द
जानता था और न उसके सुनने में कभी कोई एक भी फारसी शब्द आया था किन्तु वह इस
वाक्य "न वदेत यावनी भाषां कंठै प्राण गतैरपि" का ही अनुरूप था? क्या महमूदी सलतनत
के राज्य समय में कोई एक भी हिन्दू मुसलमान नहीं हुआ था, न कोई मसज़िद बनी थी,
न कोई नगर आदि मुसलमानी नाम से बसे थे?।
४ क्या पृथ्वीराजजी के राज्य की और महमूदी सलतनत की परस्पर सीमा नहीं मिली हुई
थी? क्या इन दोनों राज्यों के दूत एक दूसरे के राज्य में आते जाते और नहीं रहते थे? यदि
परस्पर लिखा पढ़ी का काम पड़ा था तो क्या वह शुद्ध वैदिक संस्कृत भाषा में लिखा पढ़ी
हुई थी और क्या महमूदी सलतनत वाले भी संस्कृतादि मृतःप्राय भाषाओं में ही अपना राज
का काम चलाते थे?
५ क्या हसन निजामी आदि से हम को यह ज्ञात होता है कि पृथ्वीराजजी के राज्य समय
में उनकी सेवा में अथवा उनके राज्य में न तो कोई फारसी जानने वाला था न कोई
सुलतान की ओर से कभी कुछ संदेसा लेकर पृथ्वीराजजी के पास गया, न कोई मुसलमान
सिपाही था, न कोई मुसलमान सौदागर था, न कोई मुसलमान यात्री वहां आया था, न कोई
मुसलमान उनके आधीन देश में रहता था; मानों पृथ्वीराजजी के राज्य समय की हिन्दी
भाषा को मुसलमानी भाषा की किंचित् वायु ही नहीं लगी थी? क्या चित्ररेखा नाम की
सुलतान शहाबुद्दीन गोरी की एक परम प्रिया पासवान को हसन नामक व्यक्ति का उड़ा लाना
तबकातनासरी से कुछ भी सिद्ध नहीं होता और क्या यही सुभगा पृथ्वीराजजी की शरणागत
में रह कर हमारी हिन्दुओं की बादशाहत को समूल नाश को प्राप्त कराने वालों में नहीं हुई है?
६ क्या सुलतान शहाबुद्दीन गोरी ने कई बेर पृथ्वीराजजी और लाहोर की महमूदी
सलतनत पर चढ़ाईयां नहीं की थीं? क्या इन अवसरों में भी जो फारसी शब्द चन्द ने
प्रयोग किये हैं वे चंद और पृथ्वीराजजी की सेना के सुनने और समझने में कभी नहीं आये
थे और न उनमें का कोई एक शब्द भी उनकी भाषा में मिल गया था? क्या जब शहाबुद्दीन
ने लाहोर की महमूदी सलतनत पर चढ़ाईयां कीं तब लाहोर वालों ने पृथ्वीराजजी से
कुछ मंत्रणा नहीं की थी और न उनकी कुछ सहायता ली थी?
७ क्या मसूद ने हांसी पर चढ़ाई नहीं की थी? क्या वह लाहोर के एक वाईसराय
(Viceroy) के साथ बनारस तक नहीं आया था और न उसने उस शिवपुरी को लूटा था क्या
इस समय में भी कोई एक भी शब्द मुसलमानी भाषा का हमारी हिन्दी भाषा में नहीं मिला था?

८ क्या महमूद गजनवी की १६ वा १७ चढ़ाइयां (सन् ९९६ से १०३० तक) हमारे देश की भाषाओं में कोई एक भी मुसलमानी शब्द नहीं मिला सकी थीं ? क्या हमारे गुजराती बन्धुओं को महमूद गजनवी के निज मुख के "बुतशिकिन्" और "बुतफरोश" शब्द सोमनाथ के नाश के दिन से आज तक नहीं याद रहे हैं ? क्या गुजरात के नागर ब्राह्मणों में से जिन्होंने अपने देश की संरक्षा के लिये पुरुषार्थ किया और मुसलमानी बादशाहों की सेवा करना अंगीकार किया उनका नाम "सिपाही नागर" नहीं पड़ा है ? क्या महमूद के समय में कोई भी हिन्दू मुसलमान नहीं हुआ था ? क्या मथुरापुरी में उसके लर में अनेक हिन्दू गुलाम दो दो रुपयों पर नहीं बिके थे ? क्या उसकी एक लाख सवार और बीस हज़ार पैदल फौज के साथ हमारे स्वदेशी व्यापारियों की बोलचाल देववाणी में होती थी और कोई एक भी मुसलमानी शब्द उसकी फौज हमारे देश के अनेक नगरों में अपने पीछे अपने स्मारकचिन्ह की भांति नहीं छोड़ गई थी ? क्या महमूदबाद नामक कोई भी नगर महमूद का बसाया हुआ हमारे देश में नहीं है ?

९ क्या **अब्बुलअसी** ने सन् ६३६ ई० के लगभग **बंबई** के समीप के **थाना** पर चढ़ाई नहीं की थी ? क्या **इराक** के परम प्रसिद्ध जालिम गवरनर **हज्जाज** के समय में राजा **दाहिर** से सिंध विजय नहीं किया गया था ? क्या फिर सन् ७१२ ई० में **महम्मद कासिम** ने सिंध पर चढ़ाई करके सिन्ध को नष्ट भ्रष्ट और लूट खसोट नहीं किया था और राजा **दाहिर** को नहीं मारडाला था ? क्या राजा **दाहिर** का लड़का **जयसिंह** इस समय कितनेक और छोटे मोटे सिन्ध के राजा और सरदारों सहित मुसलमान नहीं होगया था और क्या तब से ही, मुसलमानी धर्म्म का आज तक सिन्ध में बराबर चला आना ऐतिहासिक शोध नहीं सिद्ध करते हैं ? क्या सिन्धी मुसलमान पृथ्वीराजजी के पीछे हुए हैं ? क्या इस दशा में कोई एक भी **अरबी** शब्द हमारी देश भाषाओं में उस समय नहीं मिला है ?

१० क्या ऐतिहासिक शोध हमको यह नहीं विदित करते हैं कि पारसी लोग सेसेनियन् वंश की अवनति के समय फारस से भागकर हमारे देश के बंबई नगर के आस पास आकर बसे हैं ? क्या इन लोगों ने अपनी मातृभाषा का कोई एक शब्द भी पृथ्वीराज जी के समय तक हमारी देश भाषा में नहीं मिलाया था ? क्या उनको हमारे देश के लोग पारसी के बदले कोई अन्य वैदिक शब्द से पुकारते थे ?

११ क्या गुजराती भाषा में फारसी शब्दों के मिलने का शोध सं० १३५६ तक शास्त्री व्रजलाल कालिदासजी के रचित गुजराती भाषा के इतिहास नामक ग्रन्थ से पहुंचना नहीं विदित होता है ? जो इसी तरह हमको देशभाषा के प्राचीन ग्रन्थादि बराबर मिलते जांय तो क्या हम सातवीं सद्दी तक कोई एक भी मुसलमानी शब्द अपनी देशभाषाओं में मिला हुआ नहीं शोध सकते हैं ?

१२ क्या पुरातत्त्ववेत्ताओं ने यह शोध लिया है कि हिन्दी भाषा का अमुक समय में प्रागट्य हुआ है ? क्या बारहवें शतक के पहिले और उसके एक दो शतक पीछे के कोई पुस्तक ताम्रपत्र प्रशस्ती पट्टे परवाने आदि हमको ऐसे प्राप्त हो गये हैं कि जिनसे हम यह कह सकें कि बारहवें शतक के पहिले अथवा उसके कुछ पीछे के समय तक भी मुसलमानी भाषा के शब्द हिन्दी में नहीं मिले थे ? क्या अब तक के प्राप्त हुए पुरातत्व संस्कृतादि मृतप्राय भाषाओं में नहीं हैं और उनकी अपेक्षा से हिन्दी भाषा के विषय में कल्पना करना बहुत ही आश्चर्य दायक और अयोग्य नहीं है ?

१३ क्या संस्कृत भाषा के उन ग्रंथों में, जिनको पुरातत्ववेत्ता बारहवें शतक के पहिले के
बने हुए मानते हैं, ऐसे ऐसे शब्द हमको प्राप्त नहीं होते हैं कि उन नाम के देश और मनुष्य
यूरोप आदि अन्य खंडों में आज भी विद्यमान हैं? क्या विक्रमादित्यजी की "शाकारि" पदवी
साधु संस्कृत भाषा की है? क्या रावल समरसीजी की आबू की प्रशस्ति के ४५ वें श्लोक में
"तुरुष्क" शब्द नहीं प्रयोग हुआ है? क्या व्याकरण महाभाष्य से बहुत सी धातुओं का प्रयोग
द्वीपान्तरों में होना विदित नहीं होता है? क्या महाभारत में पांडवों का यावनी भाषा में बात
करना नहीं लिखा मिलता है?

१४ क्या वर्तमान समय के अच्छी हिन्दी लिखनेवालों में से कोई किसी विद्वत मंडली में
खड़ा होकर यह कह सकता है कि चिठ्ठी पत्री से लेकर ग्रन्थ तक जो कुछ उसने आज तक
हिन्दी भाषा में लिखा है उन सबकी हिन्दी एक सी ही है अर्थात् उसके अनेक लेखों में से
ऐसे ऐसे उदाहरण बिलकुल नहीं मिल सकेंगे कि उनके किसी लेख में तो एक भी फारसी शब्द
नहीं आया होगा और किसी में अनेक फारसी शब्द प्रयोग हुए होंगे? यदि पृथ्वीराज रासो की
भांति एक हजार वर्ष के पीछे कोई ऐसे हमारे स्वदेशीय बन्धु को ऐसे लेखों को हाथ में लेकर वाद
विवाद करें तो क्या दोनों पत्रकारों को प्रत्येक के अनुकूल तर्क नहीं मिल सकेंगे? जब आज
ही हम लोगों की यह दशा है कि कभी कैसी हिन्दी लिखते हैं और कभी कैसी तो फिर
प्राचीन समय के ग्रंथकर्त्ताओं में से जिसने यह स्पष्ट कह दिया है कि मैं कुरान की भाषा को
भी प्रयोग में लेता हूं उसको हम क्योंकर दोष दे सकते हैं? क्या हम अनुमान नहीं कर सकते
कि प्राचीन ग्रंथकारों में से जिसने जैसी हिन्दी चाही उसने वैसी ही लिखी है?

१५ क्या आज कल के विद्यमान देशी राजस्थानों में अस्मार्त्त समय से अब तक मुसलमान बादशाह
सिपहसालार, सरदार, सौदागर, मौलवी, मुल्ला और काज़ी आदि के नाम अपनी देशभाषा
हिन्दी और मृतप्राय भाषा संस्कृतादि के होते हुए भी फ़ारसी अक्षरों और उसी भाषा में
चिठ्ठी पत्री और फ़रमान खरीते आदि के लिखे जाने का प्रचार नहीं प्रचलित है? क्या आज के
एक-डंकी अंग्रेजी राज्य शासन समय में भी राजपुताने के अंतरगत राज्यों से श्रीमान् वाइसराय
और गवरनरजनरैल साहब बहादुर के नाम उभय को विदेशी फ़ारसी भाषा और लिपि में
ख़रीते नहीं लिखे जाते हैं? बहुत समय के व्यतीत होजाने पर जब कि वर्तमान समय के वृत्त
पुरातत्व संज्ञा से माने जावेंगे और वे ऐसे ही अलभ्य होंगे जैसे कि आज पृथ्वीराजजी के समय
के हैं तब फिर क्या उस समय के विद्वानों का वैसे ही तर्कों से कि जैसों से आज हम लोग
रासो में दोष देते हैं इन देशी राज्यों की इन फ़ारसी लिपि और भाषा में गवर्मेंट हिन्द के नाम
लिखे हुए ख़रीतों को भी जाली समझना यथार्थ होगा? क्या यह व्यवहार भी वर्तमान समय में
देशी राजस्थानों में प्रचलित नहीं है कि जब गवर्मेंट हिन्द के नाम ख़रीता लिखने का काम
पड़ता है तब फ़ारसी भाषा के विद्वानों को घेर घार कर, फ़ारसी कोषों में शब्दों को
ढूंढ ढांढ कर, और एकान्त में बैठ बाठ कर, कई दिनों तक अति परिश्रम कर के वे नहीं लिखे
जाते हैं; उसी तरह जब किसी मंदिर आदि की प्रशस्ति का काम पड़ता है तब वैसेही देशी
और विदेशी पंडितों को चाहे वे राज के नौकर हों अथवा नहीं घेर घार कर संस्कृत
भाषा में प्रशस्तियां नहीं लिखाई जाती हैं और जब किसी राजा की बिरदावली का कोई
कवित्त बनवाने का काम पड़ता है तब षट भाषाओं की भाषा से बिगड़ कर बनी हुई डिंगल
भाषा में काव्य नहीं रचवाया जाता है और जब लाट साहब की पधरावनी का उत्सव किया जाता

है तब उसमें Address अर्थात् अभिवादन अंग्रेज़ी भाषा में नहीं दिया जाता है ? क्या ये पंच भाषएं आज प्रचलित हैं और क्या आज मुसलमानों की बादशाहत है ? क्या जो आज हम महाराणाजी श्री सज्जनसिंहजी के राज्यशासन समय के सर्व प्रकार के सब राजकीय लेख एकत्र करके देखें तो वे सब एकही भाषा में हमको लिखे मिलेंगे ? क्योंकि क्या सब राजा साहबों के स्वर्गवास होने पर राज की मोहर, छाप और स्टाम्प और सिक्के आदि में उसी दिन नवीन राजा साहब का नाम पलट करके वैसेही हुक्म जारी हो जाते हैं कि जैसे आज अंग्रेजी राज्य में होते हैं कि जिस राजकीय व्यवहार के संस्कार से विद्यमान पुरातत्ववेत्ता उपलब्ध पुरातत्वों को जांचा करते हैं ? क्या मेवाड़ राज्य में महाराणाजी श्री शंभूसिंहजी के नाम का स्टाम्प आज तक नहीं जारी है ? क्या महाराणाजी श्री सज्जनसिंहजी के नाम की छाप वर्त्तमान महाराणाजी साहब के राज्य शासन समय में कई वर्षों तक नहीं जारी रही है ? क्या ऐसे स्टाम्प पर लिखी हुई दस्तावेज़ें और ऐसी छाप लगे पत्र बहुत समय के व्यतीत हो जाने पर जाली समझे जांयगे और जिन जिन के पास ये राजकीय लेखादि उस समय में मिलेंगे वे सब जाल के अपराधी समझे जाकर फांसी लगाये और कालेपानी भेजे जावेंगे ?

सारांश हमारे निवेदन करने का यह है कि हिन्दी भाषा में अन्य देशीय भाषाओं के शब्दादि के मिलने का प्रश्न बड़ाही सूक्ष्म और कठिन है और जो हमारी तरह विद्वान लोग यह मान लें कि जब जिस अन्य देशीय का आना हमारे भरतखंड में हुआ तब ही से उसकी भाषा के शब्दों का भी मेल होना अति संभवित् है तो यह प्रश्न बड़ाही सरल हो जाता है । हमारे सिद्धान्त को माने बिना इस प्रश्न का निर्णय करना बहुत दुस्तर है क्योंकि जो चंद कवि के पहिले अथवा उसके समय के भी हिन्दी भाषा के पुस्तकादि मिल जांय और उनमें मुसलमानी भाषाओं के शब्द न भी मिलें तो भी हम सुख से यह अनुमान कर सकते हैं कि उनके रचनेवालों ने उनको जानकर प्रयोग नहीं किया और चंद ने रूपक ३९ की प्रतिज्ञा पूर्व्वक उनका प्रयोग किया हैं जैसे कि वर्तमान समय में भी हिन्दी भाषा के अनेक विद्वान अनेक प्रकार की हिन्दी लिखते हैं ॥

कविराजजी ने इस महाकाव्य की भाषा के प्रसंग में जैसे मुसलमानी शब्दों के प्रयोग होने का दोष दिया है वैसे ही उन्होंने इन **सत्त । चावद्दिसि । भारत्थ । पारत्थ । सारत्थ ।** और चूक शब्दों को भी राजपुताने की कविता के ही शब्द होना समझकर इस महाकाव्य का मेवाड़ राज्य में जाली बनना भी अनुमान किया है । तथा इस ग्रंथ में बहुत से शब्द अनुस्वार सहित प्रयोग हुए हैं उनके विषय में भी उन्होंने महाकवि चंद पर आक्षेप करके यह कहा है कि "अनुस्वार लगाने से यह स्पष्ट जान पड़ता है कि वह संस्कृत कुछ भी नहीं जानता था क्योंकि उसको बिन्दु विसर्ग का भी ठीक ज्ञान न था" परन्तु हमारी तुच्छ सम्मति में महामहोपाध्याय कविराज श्री श्यामलदासजी महाशय का यह सब कहना बिलकुल्ल ही असत्य और निर्मूल है । अब जो प्रमाण हमारे इस कहने को समर्थन करने को हम आगे दिखावेंगे उनसे यह भी स्पष्ट सिद्ध होगा कि जिन जिन ग्रंथों से हमने उनको उद्धृत किया हैं वे कविराजजी के पढ़ने में नहीं आये होंगे नहीं तो वे ऐसे अत्यन्ताभाव के अनुमान कदापि नहीं करते—

१ यद्यपि **सत्त** शब्द का आज कल की बोल चाल की ब्रजभाषा में भी प्रयोग होना हमने अपनी लिखित **प्रथम संरक्षा** में इन वाक्यखंडों के उदाहरणों से सिद्ध कर दिखाया है जैसे— जबै वाकूं सत्त चढ़ आयो-तबै वो सत्ती भई-सत हर दत्त गुह दत्त दाता-राम राम सत्त है, दो

चार नित्त हैं—तथापि एक यह दोहा भी हम **कविवचनसुधा** से उद्धृत करके प्रमाण में प्रवेश करते हैं–"सत्त सुबचन कबीर के, चित्त देय सुन लेहु ॥ अरु नानक गुरु के वचन, सत्त मत्त करि गेहु" ॥ तथा खालशाकृत बिनयपत्रिका में–"दात्व मोत्त पाद देख हवे सर्व **सत्त** लेष मो दीन रेख मेख मार भाल मन्द के" यह शब्द ऐसा अप्रसिद्ध नहीं है कि जिसके प्रयोग के विषय में हिन्दी भाषा के विद्वनों को किंचित् भी संदेह हो अतएव हम अधिक उदाहरण नहीं लिखते ॥

२ श्रीमद्वल्लभ संप्रदाय में जो अष्ट–छाप करके प्रसिद्ध हैं उनमें के एक कुंभनदासजी ने "चावद्दिसि हरि रूप रम्यो" अपने एक कीर्त्तन में कहा है ॥

३ इन **भारत्थ, सारत्थ,** और **पारत्थ** शब्दों के प्रयोग के विषय में हमने **प्रथम संरक्षा** में बहुत कुछ कहा ही है परन्तु फिर भी हम एक प्रमाण अष्ट–छापवाले छीत स्वामी के एक कीर्त्तन में से यह बाताते हैं "भारथ्थ में सारथ्य ह्वै हरि जू कहाये सारथी" और पंडित कन्हैयालालजी कृत छंदप्रदीप नामक ग्रंथ से वैसे ही अन्य शब्दों के प्रयोगों के उदाहरण भी विदित करते हैं यथा–(१) करि गहि भार **समथ्थ** । (२) यश पायो नृप **मथ्थ** । (३) **मत्थन** नत करि **लज्जित** दिगज । (४) **सुसज्जिय** भ्रमगति । (५) **उत्थिय** समुद **वट्टिय** लहरि । (६)रहि **तदत्थकि** जियसु अरि(७)लखि **दुव्वत्त** मव नृपति(८)सिंहबली **समरत्थ हत्थिवर मत्थ** विदारन

४ अब शेष **चूक** शब्द के विषय में भी हमारी लिखित संरक्षा में लिखे के सिवाय हमको यह कहना है कि उसके शब्दार्थ तो वहीं हैं कि जो डाक्टर हार्नेली साहब ने हिन्दी शब्दों की धातुओं के संग्रह में वर्णन किये हैं किन्तु यह शब्द जिस विषय के प्रसंग में प्रयोग होता है वैसाही उसका भावार्थ हो जाता है जैसे कि छल के अर्थ में अष्ट–छापवाले परमानन्ददासजी ने उसका प्रयोग किया "**अहो हरि वलि सों चूक करी**" इसी तरह समझ लेना चाहिये कि जब वह छल से मारने के प्रसंग में प्रयोग होता है तब उसका वैसा भावार्थ ग्रहण किया जाता है। राजपुताने के किसी किसी कवि को हमने ऐसा भी कहते हुए सुना है कि यह **चूक** शब्द राजपुताने की भाषा में ही प्रयोग हुआ मिलता है और हिन्दी भाषा के किसी काव्य में किसी भी अर्थ में यह शब्द प्रयोग नहीं हुआ है परन्तु उनका यह कहना हमारे नीचे लिखे प्रमाणों से बिलकुल ही असत्य प्रतीत होता है ॥

वृन्द सतसई ॥

दोहा ॥ पिशुन छल्यो नर सुजन सों, करत विसास न चूक।
जैसे दाध्यौ दूध कौ पीवत छाछहि फूंक ॥
मूरख गुन समझै नहीं, तो न गुनी में चूक।
कहा भयो दिन को विभौ, देखी जो न उलूक ॥

नाथ कवि अर्थात् कवि लोकनाकजी चौबे कृत ॥

कवित्त ॥ सुखद रसाल को रिसाल तह तापै बैठि, ऐंठि बोल बोलै पिक, मधुप दुहू दुहू ॥
कुंज कुंज कारे हैं कुटिल अलि पुंज पुंज, गुंज गुंज फूल रस, चुहकै चुहू चुहू ॥
चूक बिन प्यारी कीन्ह मेरो मन टूक टूक, कूक सुने हूक परै, करत उहू उहू ॥
नाथ दिसि चार अंधियार ही जनात मोहि तातें किल कोकिला, कहत कुहू कुहू ॥

सूरसागर ॥

राग काफी ॥

मैं अपने कुलकानि डरानी । कैसे श्याम अचानक आये मैं सेवा नहीं जानी ॥
वहै चूक जिय जानि सखी सुनि मन लै गये चुराई । तनतैं जात नहीं मैं जान्यौं लियो श्याम अपनाई ॥
ऐसे ठगत फिरत हरि घर घर भूलि कियो अपराध । सूर श्याम मन देहि न मेरो पुनि करिहों अनुराध ॥

राग विहागरो ॥ कहा करों गुरजन डर मान्यों ।
आये श्याम कौन हित करि कैं मैं अपराधिनि कछु नहिं जान्यों ॥
ठाढे श्याम रहे मेरे आँगन तब तें मन उन हाथ बिकान्यों ।
चूक परी मोकों सबही अंग कहा करौं गई भूलि सयान्यों ॥
वे उनही को नए हरष मन मेरी करनी समुझि अयान्यों ।
सूर श्याम संगम उठि लाग्यो मो पर बार बार रिसान्यों ॥ ३७ ॥
बीच कियो कुल लज्जा आई ।
सुन नागरी बकस यह मोकों सनमुख आये धाई ॥
चूक परी हरि तें मैं जानी मन लै गये चुराई ।
ठाढ़े रहे सकुच तो आगें राखा बदन दुराई ॥
तुम हो बड़े महर की बेटी काहे गई भुलाई ।
सूर श्याम हैं चोर तुम्हारे छाड़ि देहु डरपाई ॥ ९० ॥

कवि लल्लूलाल कृत ॥

दोहा ॥ धरम राज सों चूक करि । दुरजोधन लै लीन्ह ॥
राज पाट अरु बित्त सब । बनोबास दै दीन्ह ॥
करी चूक प्रहलाद पै । हिरन असुर परचंड ॥
हरि सहाय हित अवतरे । असुरन किये बिखंड ॥

रामायण ॥

छमहु चूक अनजानत केरी । चहिये विप्र उर कृपा घनेरी ॥

स्त्रियें गाया करती हैं ॥

मेरा भया चुकान हियाड़ी । कार करत मैं बर बर चूकूं
फुंका जात सई जीया री ॥

कबीर ॥

काशी का मैं वासी कहिये, करम दशा का हीना ।
राम भजन में चूक पड़ी, तब पकर जुलाहा कीना ॥

कहावत ॥

आहार चूके वह गये व्योहार चूके वह गये ।
दरबार चूके वह गये सुसराल चूके वह गये ॥

चूरनवाले ॥

है चूरन खट्टा चूक। जिस से नित्त लगैगी भूक ॥

५ हम अनुस्वार सहित शब्दों के प्रयोग के विषय में जो ऊपर कह आये हैं उसके नीचे लिखे उदाहरणों को अवलोकन करने से आशा है कि हमारे पाठकों पूर्ण संतोष हो जायगा—

सूरसागर ॥

राग भैरवी ॥ भजि श्री विठ्ठल चरण सरोजं। नखमणि दीधिति दमित मनोजं ॥
इच्छसि यदि सततं सुख सारं। त्यजसि न किमिति विषय धृतभारं ॥
यदि वांछसि हरि भक्ति सुरत्नं। कुरु चपलं शरणागत यत्नं ॥
प्राप्य सुदुर्ल्लभ नर वर देहं। परिहर सकल निगम संदेहं ॥
मानय हृदय मर्यादित वचनं। तदया सिनो चेदतिशय पचनं ॥
वत्सपदं भावय भव जलधिं। अंत समै भवधिन बवधिं ॥
नाथ तवाह मतीरण रावं। पूरय सततमिमं मयि भावं ॥
तव गुण गण कथिता मृत गाथे। प्रार्थ्यमिदं दिश तव रघुनाथे ॥

रामायण ॥

छंद ॥ दै भक्ति रमा निवास त्रास हरण शरण सुखदायकं ॥
सुखधाम राम नमामि काम अनेक छबि रघुनायकं ॥ १०४ ॥
सुर वृंद रंजत द्वंद भंजन मनुज तनु अतुलित बलं ॥
ब्रह्मादि शंकर सेव्य राम नमामि करुणा कोमलं ॥ १०५ ॥

तोटक छंद ॥ गुण ज्ञान निधान अमान मजं। नित राम नमामि विभुं विरजं ॥
भुजदंड प्रचंड प्रताप बलं। खल वृंद निकंद महाकुशलं ॥ १०६ ॥
बिनु कारण दीन दयालु हितं। छबि धाम नमामि रमा सहितं ॥
भव तारण कारण कार्य परं। मनसं भव दारुण दोष हरं ॥ ९० ॥
शर चाप मनोहर तूणि धरं। जलजारुण लोचन भूप वरं ॥
सुख मंदिर सुंदर श्रीरमणं। मद मार मृषा ममता शमनं ॥ ९१ ॥

खालसा कृत विनयपत्रिका ॥

भैरवी ॥ रे मन सन्त चरण धरु माथं।
निस बासर जिनके जग नायक वास करत हैं साथं ॥ १ ॥
तिन को छोड़ विश्व में भटके वेश्या को करि नाथं।
भक्ति सहित सेवा तुम करते वह मारत है लाथं ॥ २ ॥
तत्रापी कछु लाज न आवत मलत चरण धरि हाथं ॥
सिंह मदन गोपाल साधु पद गहु अघहर सम पाथं ॥ ३ ॥

गोस्वामी श्री लक्ष्मीनाथजी परमहंस कृत पदावली ॥

नमो नमो गीता हरि वंशं । सुर नर मुनि सज्जन अवतंशं ॥
कोमल पद उपनिष श्रुति अंसं । हरि मुष कथित सन्त हिय हंसं ॥
विमल व्यास भाषित गन संशं । देव दनुज मानव अहि वंशं ॥
भक्ति विराग ज्ञान परगाशं । काम क्रोध मद मोह विनाशं ॥
सकल शास्त्र सम्मत निति शेशं । अर्थ धर्म सुख दायक हंसं ॥
सुचि सागर तीरथ फल देशं । कलिमल तिमिर प्रकास दिनेशं ॥
गुण अनन्त कहि गावत सेशं । चतुरानन गण देव महेशं ॥
सुनत सकल मन होत हुलाशं । लछमीपति अति पाप विनाशं ॥ १ ॥

नरहरदास कृत अवतार चरित्र ॥

भुजंगी । सुगन्धं विगन्धं न अस्तूति गारी । विभेदं न सत्रं न मित्रं विचारी ॥
न महिमा न माया न मद्दं न मोहं । न रंग विरंगं न दाया न द्रोहं ॥
न सीतं न तापं न संग कुसंगं । न भावं न भिव्यान अंगं अनंगं ॥
सुखं भूमि सज्या न डासं न वासं । ग्रहे वांहें आनै ततो पंच ग्रासं ॥
समं विष्षहं भूमि पंथं सहज्जं । वसन्नं दिगं बीत रागं विलज्जं ॥
विमोहं विदेहं न इन्द्री विकारं । अघानैं रहे निति वातं अहारं ।
विलेपं न श्रीषंड आगी विचारं । धरी पुष्प माला गले विष्य धारं ॥
प्रकासी जु निंदा महा मोद पावै । हसे ताल दे आप औरै हसावे ॥
अलेपं अछेपं रहे अप्रकासं । निरापेत निर्बंध नग्नं निरासं ॥
अनाजूत अवधूत माया अतीतं । अमोहं अछोहं अद्रोहं अभीतं ॥
अनामं अकामं अठामं अजेयं । अनाधार आकार महिमा अमेयं ॥
पशू वृत्ति लीनैं भवे पान पानी । विचारं प्रचारं विहारं विमानी ॥

यह महाकाव्य आज तक महाकवि चंद का बारहवीं शताब्दी का रचा हुआ एक बड़ा प्रामाणिक ऐतिहासिक ग्रंथ करके हमारे स्वदेश में प्राचीन काल से चला आता है

अक्रित्रिमता

और उसकी यथार्थता में आज तक क्या तो स्वदेशी और क्या किसी विदेशी विद्वान को कोई वैसी शंका नहीं हुई है कि जैसी हमारे परम प्रिय मित्र महामहोपाध्याय कविराजजी श्री श्यामलदासजी को बैठे बैठाये हो गई है। यद्यपि हम इस महाकाव्य को अभी तक अनुकूल दृष्टि से ही देखते हैं किन्तु उसी के साथ हम उसकी परीक्षा करने में प्रतिकूल दृष्टि देकर उसके गुण-दोषों को भी देखते जाते हैं और जब हमको उसमें कोई दोष देने जैसी बात नहीं मिलती तब उसी स्थान पर हम अपनी टिप्पण में अपना अभिप्राय लिख प्रकाश करते हैं । हमारे पाठकों को यह भले प्रकार समझ रखना चाहिये कि जिस दिन जिस स्थान में जो कुछ हमको क्रित्रिम दीखेगा उसे हम उतनेही बल पूर्व्वक दोष देकर प्रकाश कर देंगे कि जैसे हम गुणों को प्रकाश करते हैं और जो कोई बात हमको उसमें दोष देने जैसी मिलेगी ही नहीं तो फिर हम अशक्त हैं। इस महाकाव्य को क्रित्रिम अनुमान करने में जितने हेतु दिये गये हैं उनमें से प्रत्येक के विषय में हम निम्न लिखित कुछ निवेदन करते हैं-

१ इस महाकाव्य में जो संवत् लिखे हुए हैं वह मुसलमानी तवारीखों में लिखे और संप्रत शोध हुए संवतों से नहीं मिलते और उनमें ९० वा ९१ वर्ष का अन्तर पड़ता है अतएव इस बात का निर्णय करने को हमारी टिप्पण १६८ और ३५५। ५६ वादी पढ़ें कि उनके पढ़ने और पक्षपात रहित मनन करने से हम आशा करते हैं कि वादी की संवत् के अन्तर विषयिक शंका निवारण हो जायगी ॥

२ इस ग्रंथ में मुसलमानी भाषादि के शब्द प्रयोग हुए दृष्टि आते हैं उनके विषय का समाधान हमारी इसी उपसंहारिणी टिप्पण का भाषा संबन्धी चौथा लेख-खंड अवलोकन करने से भले प्रकार हो सकता है ॥

३ अब तक पृथ्वीराजजी के समकालीनों में से केवल रावल समरसीजी को ही आक्षेप करने वाले ने उदाहरण में ग्रहण किया है कि उसके विषय में केवल आबू और चितौड़ की पांच चार प्रशस्तियों से ही संशय-करनेवाले को संशय होता है अर्थात् संशय का आधार उन ही प्रशस्तियों पर है। यदि उन प्रशस्तियों के संवतों को विद्वान लोग भले प्रकार परीक्षा करके यह निश्चय कर लें कि वे रावल समरसीजी के ही समय की हैं और उनके संवत् अमुक प्रकार के हैं और हमको पृथ्वीराजजी समरसीजी और पृथाबाईजी के जो पवाने प्राप्त हुए हैं उनके संवतों को भी उसी प्रकार जांच देखें तो फिर रावल समरसीजी के समकालीन होने में कुछ झगड़ा ही न रहैगा क्योंकि झगड़ा तभी तक रहता है कि जब तक किसी विद्वान को किसी प्रकार का पक्षपात होता है और वह दर्पण लेकर मुख दिखते हुए भी नहीं दूर होता है। जहां तक हमने रावल समरसीजी के विषय में शोध किया है वहां तक हमको इस बात में कुछ संदेह नहीं है कि वे पृथ्वीराजजी के बहनेऊ और समकालीन थे। आबू और चितौड़ की प्रशस्तियों के संवतों को समझ लेने के लिये एक चोज की बात हमने अपनी टिप्पण ३५५। ५६ में अति संक्षिप्त रूप से कही है। इसके अतिरिक्त हम एक बड़ी अद्भुत बात पर विद्वानों का ध्यान दिलाते हैं कि कविराजजी ने इस महाकाव्य के संवत १६४० से १६७० के भीतर जाली बनने के सिद्ध करने में नीचे लिखे प्रमाण कहे हैं,-

"इस किताब में मेवाड के राजाओं की बहुत सी प्रशंसा रावल समरसिंहजी के नाम से की है और एक स्थान में उनको आशीस देने में ये शब्द लिखे हैं-

(१) कलंकियां राय केदार ॥
(२) पापियां राय प्रयाग ॥
(३) हत्यारां राय बणारसी ॥
(४) मदवान राय राजान री गंग ॥
(५) सुलतान ग्रहण मोरवन ॥
(६) सुलतान मान मलन ॥

इन पदवियों से मेवाड़ के महाराणा संग्राम सिंहजी (सांगा) की ओर संकेत है"-इत्यादि ॥

अब विद्वानों को रासो के उस रूपक को अवलोकन कर के परीक्षा कर समझना चाहिये कि जिसमें से यह वाक्यखंड उद्धृत किये गये हैं, वह रूपक यह है-

छंद पद्धरी ॥ सामंत सब्ब मनुहार कीन। प्रोहित्त राम आसीस दीन ॥
हरि सिद्धि द्दिष्ठु बरदान भट्ट। उच्चर्यौ चंद पैपै सु घट्ट ॥
दुहु पष्य चवर सिर धरिय छत्र। बरदाइ देत आसी तत्र ॥

उठियो सिंघ बरदाइ देषि । बोलंत बिरद बहु बिधि विसेषि ॥
चीतोर राज काइम्म कीन । षुम्मान पाट पग अचल दीन ॥
मेर गिरि सरिस चित्तोर मानि । किरनाल तेज बद्धे षुमान ॥
जैचंद समह जिन जुद्ध कीन । मानों कि उरग जनु मोर पीन ॥
कलंकिया राय केदार राय । कवदेत बिरद मनउमँग चाय ॥
पापी राय प्राग वड समान । कप्पन दरिद्र करतार जान ॥
हित्यार राइ कासी अभंग । मदुआंन राइ गंगा उतंग ॥
सुरतान मलन बंधन समोष । हिंदून राइ टालच दोष ॥
उज्जैन राइ बंधन समथ्थ । आचार राइ गुजष्टरह पथ्थ ॥
भीमंगराइ भंजन सुषेत । जस लयौ धवल राजिंद जैत ॥
रिनथंभ राय सिर दंड कीन । अब्बुआ राइ गढ लेइ दीन ॥
उथ्थाप राइ थापन समथ्थ । सोंपन सरीर प्रथिराज सथ्थ ॥
दष्यनी साह भंजन अलग्ग । चंदेरि लिद्ध किय नाम जग्ग ॥ ४१ ॥

हमारे पाठकों को इस रूपक का तात्पर्य निकालने के पहिले यह जान लेना अत्यावश्यक है कि वह रासो के **समरसी दिल्ली सहाय** नामक समय में का है। रासो की किसी पुस्तक में तो यह समय पृथक है और किसी में वह **बड़ी लड़ाई** नामक समय के आदि में ही मिला हुआ है। इस रूपक के अन्तरगत वृत्त का प्रसंग यह है कि रावल समरसीजी अपनी महाराणीजी श्री पृथाबाईजी सहित अपने साले पृथ्वीराजजी की सहायता करने को चितोड़ से दिल्ली पहुंचे और वहां उनका आदर सम्मान वहां के सब राज-पुरुषों ने करना प्रारंभ किया कि उसी प्रसंग में महाकवि चंद बरदाई ने भी वैसे ही रावलजी को आशीस दी कि जैसे वर्तमान काल में प्रत्येक देशी राजस्थानों में चारण और राव आदि स्तुति पाठक दिया करते हैं। रावलजी श्रीसमरसीजी में जो जो मुख्य गुण थे और उन्होंने जो जो बड़े बड़े काम अर्थात् शौर्य्य किये थे उन सब को उनकी प्रशंसा में कवि चंद ने प्रयोग करके यह बिरदावली कही है। अब इसमें यह बात विचारने की है कि कविराजजी ने जो इस रूपक में के-"कलंकिया राय केदार" "जैसे विशेषणों का महाराणाजी श्रीसंग्रामसिंहजी (सांगा) की ओर संकेत होना अनुमान करके रासो के जाली बनने के समय के प्रारंभ का सं० १६४० निश्चय किया है वह इस मूल रूपक के अवलोकन करने से सत्य मालूम होता है कि नहीं। यदि हम कविराजजी के अनुमान का यथार्थ होना भी मान ले परन्तु इस रूपक में-"कलंकिया राय केदार"-आदिक के साथ ही-"जैचंद समह जिन जुद्ध कीन-और"-"सोंपन सरीर प्रथिराज सथ्थ" जैसे स्पष्ट विशेषणों के वाक्य खंडों को हम महाराणाजी श्रीसांगाजी में कैसे घटा सकते हैं। क्या यह बात विद्वानों के कहने की है कि-"जैचंद समह जिन जुद्ध कीन"-और-"सोंपन सरीर प्रथिराज सथ्थ"-जैसे स्पष्ट विशेषणों को छोड़ देना-और-कलंकिया राय केदार"-आदिक को ग्रहण कर लेना। यदि कविराजजी ने इन-"कलंकिया राय केदार" आदिक को सांगाजी पर घटा कर केवल उनही तुकों को क्षेपक बताया होता तो भी यह एक प्रकार से कुछ ध्यान में बैठने जैसी बात होती। हम यह भी नहीं समझ सकते हैं कि इस रूपक से सं० १६४० कैसे सिद्ध होता है क्योंकि महाराणाजी श्रीसांगाजी का राज्य समय विराजजी के मानने के अनुसार सं० १५६५ से सं० १५८४ तक ही होता है। और संवत् १६४० का वर्ष महाराणाजी श्री बड़े प्रतापसिंहजी के राज्य समय सं० १६३३ से १६५३ तक में आता

है । रासे। की सं० १६३१ । ३२ और १६४५ की लिखित पुस्तकें हमारे पास विद्यमान हैं । तथा अकबर बादशाह ने पृथ्वीराज रासो की कथा अपने दरबारी भाट गंगजी से सं० १६२७ । २८ में सुनी थी कि जिसके वृत्तान्त की एक सं० १६२९ की लिखी हुई **चंद छंद वर्णन की महिमा** नामक पुस्तक हमको प्राप्त हे। चुकी है और उसीके साथ जो समय स० १६४० से १६७० तक का रासे। के जाली बनने का अनुमान किया गया है उस समय में मेवाड़ में एक राणारासो नामक ग्रंथ राव दयाल कवि ने बनाया है कि जिसको भी हमने शोध काढ़ा है । इस राणारासो की पुस्तक सं० १७०५ की लिखी हुई प्रति से हमने अपने पुस्तकाल के लिये एक प्रति करवाई है और हमारी प्रति से बहुत से अन्य भद्रपुरुष प्रतियें करवाते हैं । खैर यह सब बातें तो जाने दीजिये और एक इस छोटी सी बात पर ही ध्यान दीजिए कि रासो की उन सब पुस्तकों के अंत में की जो मेवाड़ राज की एक पुस्तक से प्रति हुई हैं मूल पुस्तक के लिखनेवाले लेखक के लिखे हुए नीचे लिखे छंद प्राप्त होते हैं कि जिनमें यत्किंचित वृत्त लिखा हुआ है। ये छंद हम आशा करते हैं कि उन पुस्तकों में भी अवश्य होंगे कि जो एशियाटिक सोसाईटी बंगाल के पुस्तकालय में हैं—

कवित्त ॥ मिली पंकज गन उदधि । करद कागद कातरनी ॥
कोटि कवी काजलह । कमल कटिकतें करनी ॥
हितिथि संख्या गुनित । कहै कक्का कवियांने ॥
इह स्रम लेषन हार । भेद भेदै सोइ जानै ॥
इन कष्ट ग्रन्थ पूरन करय । जन बभ्या दुष नां लहय ॥
पालिये जतन पुस्तक पवित्र । लिषि लेषक विनती करय ॥ १ ॥
गुन मनियन रस पोइ । चंद कविनय कर दिद्धिय ॥
छंद गुनीतें तुट्टि । मंद कवि भिन भिन किद्धिय ॥
देस देस बिष्षरिय । मेल गुन पार न पावय ॥
उद्दिम करि मेल वत्त । आस बिन अलस आवय ॥
चित्रकूट रान अमरेस नृप । श्रीमुष आयस दयै। ॥
गुन बीन बीन करुना उदधि । लषि रासै। उद्दिम कियै। ॥ १ ॥

दोहा ॥ लघु दीरघ ओछों अधिक । जो कछु अंतर होई ॥
सो कवियन मुष सुद्धतें । कहो आप बुधि सोइ ॥ ३ ॥

इन छंदों से यह स्पष्ट ज्ञात होता है कि किसी **कक्का** नामक पुरुष ने मेवाड़राज्य के अाधीश बड़े श्री अमरसिंहजी (चित्रकोट रान अमरेस नृप) के आज्ञानुसार राज के पुस्तकालय के लिये उक्त पुस्तक लिखी थी । इन महाराणाजी का राज्य समय कविराजजी के मानने के अनुसार सं० १६५३ से १६७६ तक का है । जब कि मेवाड़ राज की पुस्तक का उसकी अन्य प्रतियों से सं० १६५३ से १६७६ के बीच में लिखा जाना अनुमान होता है तो फिर इस समय में जाल बनना भला कोई कैसे मान सकता है । अब रहा संवत १६७७ की भविष्य वार्ता का विदित करने वाला दोहा उसके विषय में हमने अपनी संरक्षा के लेखखंड २७ पृष्ठ ३५ में सविस्तर कह दिया है अतएव यहां कुछ अधिक नहीं वर्णन करते ॥

४ यद्यपि इस महाकाव्य के जाली बनने के अनुमान का प्रश्न तो रीति से किया गया है कि इस ग्रन्थ में लिखे पृथ्वीराजजी के समय के मनुष्यों के नाम और वृत्त उस समय की मुसलमानी तवारीखों में लिखे हुओं से नहीं मिलते हैं परन्तु जिस प्रकार से उस प्रश्न का निर्णय किया

